तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.02.2019	वकील अपीलाण्ट उपस्थित। वकील अपीलाण्ट द्वारा आवश्यक सुनवाई हेतु पत्रावली तलब कराने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर पत्रावली आज नियत तारीख पेशी से पूर्व प्रस्तुत हुई। वकील अपीलाण्ट ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रकरण को विड्रो कराने का निवेदन किया। वकील अपीलाण्ट ने निवेदन किया कि पक्षकारान् में राजीनामा हो चुका है तथा अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष इस प्रकरण से सम्बन्धित मूल वाद भी निस्तारित हो चुका हैं। इस स्थिति में भी यह प्रार्थना पत्र पोषणीय नहीं होता हैं। अतः अपील को जरिये विड्रो निर्णीत कराने का निवेदन किया। इस पर वकील अपीलाण्ट को सुना गया। चूंकि प्रकरण से सम्बन्धित मूल वाद भी निर्णीत हो चुका है तथा अपीलाण्ट अब प्रकरण को आगे चलाना नहीं चाहते है। इन दोनों ही दृष्टिकोण से अपील आगे चलाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। अतः अपीलाण्ट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा अपीलाण्ट द्वारा प्रस्तुत अपील को जरिये विड्रो खारिज़ किया जाता हैं। इस निर्णय की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रेकर्ड लौटाया जावे। पत्रावली बाद पालना फैसल में शुमार होकर नम्बर से कम हो। राजस्व अपील प्राधिकारी, पाली	